तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 24 मार्च 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

14 ग्रामवासियों ने टीका टिकावन, खीर-पूरी का किया वितरण


14 पौसरी की फाग गायन प्रतियोगिता में 10 ...


# हिरण शावक को कुत्तों ने किया घायल, उपचार जारी, विभाग बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

तेंदुआ द्वारा समीपस्थ ग्राम पंचायत हटौद निवासी कांशी राम पटेल पर हमला करने की घटना के तीन दिनों बाद ग्राम हटौद के पास ही बरघाट असनींद के पास सोनाखान वन परिक्षेत्र के कक्ष क्र 12 में हिरण के बच्चे को कुत्तों द्वारा नोचे जाने की घटना सामने आई है। ज्ञात हो कि गर्मी का आरंभ होते ही भूखे प्यासे वन्य प्राणी शहरी क्षेत्र की ओर कूच कर रहे हैं। जिसकी खबर लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही हैं। इसके बाद भी वन अमला गहरी नींद में हैं।



### ग्रामीण पर भी हमला कर चुका है तेंदुआ

#### पत्रकारों ने वन विभाग को दी थी मामले की जानकारी

मिली जानकारी के अनुसार 23 मार्च रविवार को ग्राम हटौद से लगा हुआ ग्राम आसनीद बरघाट के पास हिरण के बच्चे को कुत्तों नोच रहा था जिसे देख ग्रामीणों ने कुत्तों को भगाया साथ ही इसकी जानकारी पत्रकारों को दिया तब पत्रकारों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग के उप वन मंडल अधिकारी अनिल वर्मा के द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को मौके पर भेज कर हिरण की सुरक्षा में लगा दिया है। किंतु घायल हिरण के बच्चे की कोई उपचार नहीं कराया जा रहा था जिस पर पत्रकारों ने आपत्ति दर्ज करते हुए पशु चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराने की सलाह दिया उसके बाद हिरण के बच्चे को आसानींद नर्सरी में सुरक्षित रखने की बात कही जा रही है। इस संबंध में पशु चिकित्सक डॉ लोकेश वर्मा से संपर्क करने पर कहा कि घायल हिरण को इंजेक्शन लगाया गया है।

विदित हो कि पिछले तीन दिनों पूर्व 20 मार्च को समीपस्थ ग्राम हटौद निवासी कांशी राम पटेल को तेंदुआ द्वारा नोचे जाने का समाचार अखबारों में प्रकाशित किया जा चुका है। इसके बाद भी वन विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है।

रविवार को हिरण का बच्चा जंगल से भटक कर पानी की तलाश में बरघाट असनींद के नाला के पास आया हुआ था जिसे कुत्तों ने घायल कर दिया है जिसका उपचार जारी है। यदि वन विभाग की गहरी नींद इसके बाद भी नहीं खुलती है तो वन्य प्राणी एवं मानव दोनों के लिए घातक सिद्ध होगा।

## खबर संक्षेप

### सिमगा में जुआरियों का जमावड़ा, लोग परेशान

**सिमगा।** जिला बलौदाबाजार के सिमगा नगर में स्थित किशनवा तालाब तालाब व उसके किनारे मंदिर के समीप खुले खेत में आसमान के नीचे बड़े जुआ अड्डा का फड़ संचालित होता है। पिछले कुछ वर्षों से किलापारा स्थित यह स्थान पेशेवर जुआरियों के लिए स्वर्ग बना हुआ है। इस स्थान पर दिन भर दो दर्जन से ज्यादा जुआरियों एवं उनके मोटर साइकिल का जमावड़ा लगा रहता है। इस स्थान पर नगर सहित 15 से 20 गांवों के पेशेवर जुआरी इकट्ठा होते हैं। तालाब किनारे जुआ अड्डा के आसपास रहने वाले मजदूर वर्ग के रहवासियों ने बताया कि जुआरियों के बीच आपस में हो रहे गंदी गंदी एवं अश्लील गालियों से भी वे परेशान रहते हैं। मुहल्ले के गरीब मजदूर वर्ग के रहवासियों ने जिला पुलिस अधीक्षक से जुआरियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की मांग की है ।

### चनाट स्कूल से टीवी और बॉक्स की चोरी

**महासमुंद।** शासकीय उच्च माध्यमिक शाला चनाट से चोरी होने के मामला में बसना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को स्कूल के व्याख्याता नर्मदा चौधरी पिता बैजनाथ चौधरी (55 वर्ष) ने बताया कि 12 मार्च को परीक्षा समाप्ति पश्चात स्कूल बंद करके गेट में ताला लगाकर चले गये। 21 मार्च को प्रातः परीक्षा होने से स्कूल आने से वहां के गेट का ताला टूटा मिला। अंदर शिक्षक कक्ष में जाने से पुरानी आलमारी टूटी हुई मिली। इस कक्ष में पुरानी इस्तेमाली शासन द्वारा प्रदत्त 30 इंच की टीवी कीमत 10000 व एक इस्तेमाली बाक्स कीमती 6500 रुपए को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

### छेड़खानी का विरोध करने पर जेठ के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छातापठार में भोज कार्यक्रम के दौरान तीन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थिया ने बताया कि वह 21 मार्च को अपने पति, जेठ, जेठानी सहित परिवार के छह लोग ग्राम छातापठार भोज कार्यक्रम सम्मिलित होने आए थे। कार्यक्रम में शामिल होकर घर आंगन में सभी बैठे थे। इसी दौरान ग्राम छातापठार के अक्षय टंडन, अशोक टंडन, शिवा टंडन प्रार्थिया को देख कर वहां आए और गंदी – गंदी भाषा का प्रयोग करते हाथ बांह को पकड़कर मोबाइल नंबर मांगने लगे और अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने लगे। जब प्रार्थिया के जेठ ने इसका विरोध किया, तब तीनों आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मामले में बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 75(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### ट्रक की टक्कर से दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बोईरडीह राइस मिल के पास ट्रक की टक्कर से बाइक में सवार दो लोगों की मौत हो गई। बसना पुलिस ने बताया कि 21 मार्च को करीबन शाम 7 बजे रामचंद सेठ निवासी बोईरडीह गांव के अनिरोध नायक के साथ अपने मोटर सायकल सीडी डिलक्स से जगदीशपुर से वापस घर आते समय रात करीबन 8 से 9 बजे के मध्य ग्राम बोईरडीह राईस मिल के पास पहुंचने पर ट्रक क्र. सीजी 04 डीसी 2038 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पुर्वक चलाते हुए रामचंद सेठ व अनिरोध नायक को मोटर सायकल सहित ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनों लोगों को गंभीर चोटें आई। घायल अवस्था में उन्हें शासकीय अस्पताल बसना लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने पर रामचंद सेठ व अनिरोध नायक की मौत हो जाना बताया। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### बुनकर संघ : 27 गांवों के 52 महाजनों को किया गया था आमंत्रित

# बुनकर महासंघ की बैठक फेल, साड़ी की कीमत पर महाजन हैं असंतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगी

कोष्टा बुनकर महासंघ छत्तीसगढ़ कि अब तक की सबसे असफल बैठक कटगी में शुक्रवार शाम को हुई जिसमें 27 गांवों के बुनकर बैठक में शामिल हुए ऐसा पहली बार हो रहा है इस बैठक में अलग–अलग गांवों के 52 महाजनों को निमंत्रण दिया गया था जिसमें कोई भी महाजन बैठक में शामिल नहीं हुए जिसके बाद देवांगन बुनकर महासंघ द्वारा निर्णय लिया गया है कि सभी बुनकरों को अपना–अपना काम बंद करने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के मुताबिक देवांगन बुनकर द्वारा जो साड़ी बनाया जाता है उसे महाजन के पास साड़ी बनाकर देते हैं सबसे पहले महाजन द्वारा बुनकर को ताना–बाना, धागा ,ओइरन और लटी जैसें समाग्री दिया जाता है जिससे साड़ी का निर्माण होता है और वर्तमान में अधिक संख्या में बुनकर बाधी साड़ी बनातें हैं, जिनकी बुनकरी का मुख्य कीमत 2700 रुपए है वहीं बुनकरों को इन दिनों 2500 रुपए प्रति साड़ी दिया जा रहा है वहीं यह भेदभाव कई महाजनों द्वारा किया जा रहा है।



#### बुनकर ने किया काम बंद


बुनकरों ने काम बंद का पुरजोर से विरोध कर रहे हैं कोष्टा बुनकर महासंघ छत्तीसगढ़ की नींव कटगी के बुनकरों द्वारा रखा गया है जिसके बाद 27 गांवों के बुनकर इस महासंघ मे शामिल हुए और सहमती भी दी वहीं निर्णय का पालन किया जा रहा है सभी बुनकरों ने 22 मार्च से काम बंद किया है जब तक कोई बड़ी उचित निर्णय नहीं लिया जाता है तब तक काम फिर से शुरू नहीं होगी। यह साड़ी,कपड़ा बनाने का काम कुटुर उघोग के अन्तर्गत आता है जिनकी साड़ी की कीमत महाजन जब चाहे कीमत कम कर रहे हैं वहीं कई बुनकरों को सही कीमत दिया जा रहा है जो बुनकरों के साथ सीधा–सीधा भेदभाव किया जा रहा है। गरीब बुनकरों को सही कीमत नहीं दिया जा रहा है जब तक साड़ी की सही कीमत नहीं मिलती तब तक ये बुनकरों की हड़ताल अनिश्चितकालीन जारी रहेगा। पुरा महासंघ बुनकरों द्वारा 52 महाजनों द्वारा साड़ी की सही कीमत नहीं देने पर यह निर्णय लिया गया है, हमारे संघ द्वारा 52 महाजनों को महासंघ की बैठक में निमंत्रण दिया गया था जिनमें सभी महाजन अनुपस्थिति थे यह बैठक देवांगन धर्मशाला कटगी में शुक्रवार शाम को हुई। जिनमें 27 गांवों के बुनकर बैठक में शामिल हुए थे। जिसके बाद हमारे संघ द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

## बालौदाबाजार में एक-एक पाव के ओला वृष्टि से लोग चौंके



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शनिवार रात्रि करीब 1:15 बजे अंचल के कई क्षेत्रे में अचानक ओले गिरने से लोग आर्श्चय चकित रह गये। ग्राम सकरी निवासी नरेश धुरव ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार रविवार की दम्यिानी रात 1:15 बजे अचानक आसमान से तेज हवाओं के साथ करीब 200 से 300 ग्राम बर्फ के गोले गिरने लगे।



उन्होने बताया कि जब ओले गिरना प्रारंभ हुआ तो वहं घर पर ही सो रहा था। उनके घर के छप्पर पर जोर–जोर से आवाज सुनाई देने पर वह नींद से जागा गया। इस दौरान ऐसा लग रहा था कि घर के छप्पर पर कोई पत्थर फेंक रहा हो। तथा कमरे से बाहर आंगन में आकर देखा तो बड़े–बड़े बर्फ के गोले गिर रहे थे जिसे देख कर वह आर्श्चय चकित रह गये।

### कोसरिया पटेल समाज का होली मिलन आज

**नगरी।** कोसरिया मरार पटेल समाज का होली मिलन 24 मार्च को होगा। होली की उमंग के बीच संगठन किए गए सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला जाएगा। बैठक में 36 गांव के सामाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम में 36 गांव, 9 ग्रामीण क्षेत्र कोसरिया मरार समाज समस्त पदाधिकारी, क्षेत्रीय संगठन, महिला संगठन, युवा संगठन एवं सदस्यों को समाजिक भवन सिहावा में होली मिलन के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से कोसरिया मरार पटेल समाज प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, लतखोर पटेल, खुटैत नारायण पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिहावा राज सियाशरण पटेल उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी कोसरिया मरार पटेल समाज मिडिया प्रभारी राजू पटेल ने दी।

## 58 छात्रों को इस साल मिलेगा बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खेल व स्काउट-गाइड के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बोनस अंक दिया जाएगा। कुल 58 छात्रों के नाम बोनस अंक के लिए प्रस्तावित किया गया है। छात्रों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अंक दिया जाएगा। जिला शिक्षा विभाग ने ऐसे छात्रों की सूची माशिमं को सौंप दी है। जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 10 वीं से 14 और 12वीं से 19 छात्रों का चयन किया गया है। वहीं स्काउट एंड गाइड के 10 वीं के 15 और 12 वीं के 25 छात्रों का चयन किया गया है। कुल 58 छात्र हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए बोनस अंक प्रदान किया जाता है। खिलाड़ियों को बोर्ड परीक्षा में 10 से 20 अंक प्रदान किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी की जाने वाली अंकसूची में भी बोनस अंक के बारे में अलग से उल्लेख किया जाएगा। जिसका सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा। प्रतिवर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की सूची मंगाई जाती है।

## मूरा में गुरुघासीदास नामायण कथा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

समीपस्थ ग्राम मूरा मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत गुरुघासीदास जी के आशिर्वाद से 24 से 27 मार्च तक अखण्ड त्रिदिवसीय गुरुघासीदास नामायण कथा आज से प्रारंभ है। आयोजन मे दीप प्रजज्वलीत हेतू 601 रुपये,नामायण प्रत्येक टोली को 1001 रुपये की प्रोत्साहन राशि दिया जायेगा। प्रत्येक टोली मे 4 सदस्य अनिवार्य होना अनिवार्य है द्यटोली वाद्ययंत्र स्वयं लावें। आयोजन दिवस मे हेमलाल चतुर्वेदी, यशवंत सतनामी, द्वारिका बर्मन तथा समापन दिवस पर मनोज ऑडिल द्वारा नामायण भजन होगा।

पंडित बनवाली राम शान, भंडारी धरमदास डहरिया, दुलारदास गायकवाड़, कामता प्रसाद सारंग, साटीदार राजकुमार कोसले। आयोजन के दौरान अन्नदान करने वाले शंभू ढीढी, सोनचंद साहू, सूरज साहू, सौरभ मिश्रा एवं अनिल मार्कोश तथा पूरे आयोजन मे सहयोग करने वाले समस्त सतनामी समाज एवं समस्त ग्रामवासी मूरा है।


## सिमगा ब्लॉक में खुलेंगी नई शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

प्रदेश में भाजपा की सरकार ने शराब नीति लागू करते हुए 67 नई शराब दुकानें खोलने का आदेश जारी किया है। राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष दिलचस्पी दिखाई जा रही है जिसमें सिमगा ब्लॉक भी शामिल हैं। क्योंकि सिमगा क्षेत्र में भी कई दर्जन फैक्ट्रियां लगने वाली है बता दें कि बलौदा बाजार जिले के सिमगा ब्लॉक में 6 नई शराब दुकान जिसमें दरचूरा, हथबंद, लिमतरा, ढ़ेकुना, लावर, एवं सुहेला में नवीन शराब दुकान खोला जाना है। राज्य शासन के उक्त आदेश पर विधायक इंद्र साव एवं उसके प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश में शराब खोरी को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है लेकिन विष्णु देव की सरकार ने लोगों के खाने में शराब



- सरकारी आदेश पर विधायक व उनके प्रतिनिधि ने दर्ज कराई कड़ी आपत्ति



परोसने का भी काम कर रही है जिसका असर आने वाली समय में प्रदेश जनता को दिख जाएगा। गांव गांव में शराब बिकने से माहौल वैसे भी खराब होगा। वहीं लोगों के जन जीवन पर इसका बहुत ही बुरा असर पड़ेगा। विधायक साव ने कहा कि भाटापारा विधानसभा के सिमगा एवं भाटापारा ब्लॉक में खुलने वाले नये शराब दुकानों का भरपूर विरोध किया जाएगा ।

### स्व परिवर्तन से कर सकते है विश्व परिवर्तनः ब्रह्माकुमारी उमा दीदी

# सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान अहम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ब्रह्माकुमारी संस्था के स्थानीय सेवा केन्द्र में श्मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने इस पर अपने विचार व्यक्त किये। शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य शंपा चौबे ने कहा कि सशक्त समाज के निर्माण के लिए नारी को शिक्षित और जागरूक होना होगा। भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा ने कहा कि यदि महिला मां, पत्नी, बेटी,बहू,सास के रुप में अपनी भूमिका को समझ जाये,तो यह धरती स्वर्ग बन सकता है। मनवा कुर्मी समाज तिल्दा राज की महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा ने



राजनीतिक सामाजिक क्षेत्रें में महिलाओं के बढ़ती भागीदारी का जिक्र किया।

नगर पंचायत खरोरा की नव निर्वाचित अध्यक्ष सुनीता सोनी ने कहा, कि अब महिलाएं घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं है। आइ टी बी पी खरोरा के डिप्टी सुपरिटेंडेंट की धर्मपत्नी ललिता चांद ने अपने अनुभव सुनाया। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था में आने से उन्हें अद्भुत शांति का एहसास होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ब्रह्माकुमारी सावित्री बहन ने कहा कि शिव की शक्ति ही नारी है, यदि वह ठान लें तो समाज को बेहतर बना सकती है।

संस्था की मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन कर सकते है व्यक्ति के चित्र से ज्यादा महत्वपूर्ण उनका चरित्र होता है, हमारी संस्था भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ मिलकर मूल्य निष्ठ समाज के निर्माण के लिए कार्य कर रही है।


ब्रह्माकुमारी सुनीता बहन ने अतिथियों का स्वागत किया,इस अवसर पर खरोरा और आस –पास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

## हत्या या हादसा, वाटरफॉल में मिली युवती की 15 दिन पुरानी लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के पर्यटन के नक्शे में उभरा शिशुपाल पर्वत के वाटरफॉल में एक युवती की 15 दिन पुरानी लाश मिली है। युवती की हत्या हुई या हादसा यह जांच का विषय है क्योंकि अगर हादसा होता तो पुलिस तक सूचना जरुर पहुंचती अथवा खोजबीन के प्रयास जरुर किए जाते। लेकिन, ऐसा नहीं होने के कारण युवती की हत्या किए जाने की आशंका अधिक मानी जा रही है।

बता दें कि शिशुपाल पर्वत पर्यटन के लिए काफी प्रसिद्ध हो चुका है। परिवार के साथ लोग पहुंचे या प्रेमी युगल अथवा मित्र मंडली। यहां पहुंचने वालों की संख्या पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ गई है। 1200 फीट की ऊंचाई से गिरने वाला वाटर फॉल प्रदेश सहित पड़ोसी प्रदेश ओडिशा के भी



सैलानियों को यहां तक पहुंचने के लिए विवश कर रहा है।

बात करे हादसा या हत्या कि तो निर्जन क्षेत्र होने के कारण युवती की हत्या की आशंका भी जताई जा रही है।

युवती की सड़ी-गली लाश मिलने से इलाके में हड़कंप है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बलौदा थाना क्षेत्र में मिली लाश करीब 15 दिन पुरानी बताई जा रही है। शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### संजीवनी नर्सिंग कॉलेज की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर।** श्री सत्य संजीवनी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड एलाइड हेल्थकेयर साइंसेज को एक और सफलता मिली है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट नर्सिंग का अंतिम परिणाम घोषित किया गया। कॉलेज के सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। छात्राएं गरियाबंद, कोरिया, महासमुंद, बालोद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग और जांजगीर-चांपा जिले से हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉ. सी. राजेश्वरी ऑडिटोरियम, सौभाग्यम में आयोजित समारोह में 7 छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस दौरान श्री जायसवाल ने छात्रों को बधाई दी और इस उपलब्धि के लिए संस्थान के संकाय की प्रशंसा की। अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास ने कहा कि छात्रों को साल दर साल अच्छा प्रदर्शन करते हुए और खुद को राज्य और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित करते हुए देखना बहुत संतुष्टि देता है। 2017 में शुरू किए गए स्नातकोत्तर नर्सिंग इंस्टीट्यूट से अब तक 47 छात्र सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हो चुके हैं और अभी सरकारी सेवा में कार्यरत हैं।

### मोटवेशनल स्पीकर ने उपराष्ट्रपति से की भेंट



**रायपुर।** प्रसिद्ध लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. उज्जवल पाटनी ने संसद भवन में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से परिवार के साथ विशेष भेंट की। इस अवसर पर डॉ. पाटनी ने अपनी बेस्टसेलर पुस्तकें 'सफल वक्ता, सफल व्यक्ति' एवं 'जीत या हार रहो तैयार' के नवीन संस्करण उपराष्ट्रपति को भेंट किए। इस खास मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति ने गहरी रुचि दिखाते हुए डॉ. पाटनी के परिवार के प्रत्येक सदस्य से उनके कॅरियर और उपलब्धियों पर चर्चा की। उनकी ऊर्जा, सकारात्मकता और आत्मीयता ने इस मुलाकात को अविस्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. उज्जवल पाटनी ने देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ पूरे संसद भवन का भ्रमण किया और संसदीय प्रक्रियाओं को करीब से समझा।

### शनिदेव मंदिर में मनोकामना ज्योति के लिए पंजीयन



**रायपुर।** श्री शनिदेव मंदिर मारुति लाइफस्टाइल के सामने मेनरोड कोटा के पुजारी विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 30 मार्च को है। इसी दिन से हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी होगी। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भक्तों की मनोकामना पूर्ति हेतु नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जा रही है। इस दौरान मंदिर में विशेष साज-सज्जा व जगमग रोशनी से सजावट की जाएगी। ज्योति पंजीयन भक्तजन मंदिर परिसर पर करा सकते हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से 5 अप्रैल तक मनाई जाएगी।

### कर्मा जयंती पर लोक चिन्हारी भरथरी की प्रस्तुति

**मगरलोड।** ग्रामीण साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि मां कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन 25 मार्च मंगलवार को मां कर्मा भवन स्कूलपारा मेघा में किया जाएगा। समाजजनों द्वारा दोपहर तीन बजे भव्य कलशयात्रा निकाली जायेगी। शाम पांच बजे महाआरती, पूजन एवं प्रसादी का वितरण किया जायेगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए लोक चिन्हारी भरथरी सिकोसो जिला बालोद हेमलता पटेल की प्रस्तुति होगी।

# कलेक्टोरेट में प्रवेश करने अब वाहन में एचएसआरपी नंबर लिखा होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश करने के लिए अब तक हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया है, लेकिन आगामी कुछ दिनों में वाहन में हाई सिक्यूरिटी रेसोलेशन नंबर प्लेट लगाना भी अनिवार्य हो जाएगा। इस संबंध में कलेक्टरोरेट के सभी विभागों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वाट्सप ग्रुप में प्रशासन की ओर से मैसेज किया गया है। इस मैसेज में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी-कर्मचारी जल्द ही अपने-अपने वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवा लें नहीं तो कलेक्टोरेट परिसर में वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**हेलमेट-सीट बेल्ट के बाद वाहन में हाई सिक्यूरिटी रेसोलेशन नंबर प्लेट लगाने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश**

### अधिकारी-कर्मचारियों में मचा हड़कंप

इस मैसेज के बाद अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारी-कर्मचारियों को चिंता सताने लगी है कि अगर जल्द ही वे वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगा पाएंगे तो उन्हें अपनी वाहन को मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ा करना होगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश के बाद ही बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट लगाना शुरू किया है, क्योंकि बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए वाहन को पुलिस कर्मी कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के पास ही रोक रहे हैं। ऐसे में अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टोरेट परिसर में वाहन ले जाने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना पड़ रहा है।



### आम लोगों को भी नहीं दिया जा रहा प्रवेश

कलेक्टर ने यह निर्देश शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए जारी किया है, लेकिन पुलिस कर्मी आम लोगों को भी बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश करने से रोक जा रहा है। इधर ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर का कहना है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाना नियम में है। इसमें छूट का कोई प्रावधान नहीं है। शहर के अंदर एक्सीडेंट कम होते हैं, पर होते हैं, इसलिए शहर में हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर वाहन चालकों को थोड़ी रियायत दी जा रही है, लेकिन जहां जरूरी है, वहां कड़ाई से पालन भी कराया जा रहा है।

### कलेक्टर स्टेनो की ओर से वाट्स एप ग्रुप में भेजा मैसेज

कलेक्टोरेट में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों का वाट्स एप ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप में कलेक्टर गौरव सिंह के स्टेनो मुक्तेश्वर पटेल द्वारा मैसेज भेजा गया है। इस मैसेज में लिखा है कि समय सीमा की बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी जिनके पास शासकीय या निजी दोपहिया एवं चारपहिया वाहन है, उनमें एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगे हैं तो तत्काल लगवा लें। कुछ दिन के बाद कलेक्टोरेट में बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट लगी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**आधार, राशन तथा वोटर आईडी रद्द कराने एटीएस ने जिला प्रशासन, नगर निगम को लिखा पत्र**

# इराक भागने की फिराक में पकड़े गए बांग्लादेशी भाइयों का पासपोर्ट रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बांग्लादेश से घुसपैठ कर राजधानी में वर्षों से रह रहे जिन तीन बांग्लादेशी भाई मोहम्मद इस्माइल, शेख अकबर, शेख साजन को एटीएस ने मुंबई के रास्ते इराक, बगदाद भागने की फिराक में पकड़ा था, उनकी पासपोर्ट एटीएस ने रद्द करवा दिया है। इसके साथ ही तीनों के फर्जी अंक सूची के माध्यम से बनवाए गए आधार कार्ड, वोटर आईडी तथा राशन कार्ड को रद्द कराने एटीएस ने जिला तथा नगर निगम प्रशासन को पत्र लिखा है।

- राजधानी सहित प्रदेश में बांग्लादेशी नेटवर्क सक्रिय

महासमुंद पुलिस ने सांकरा में जिन चार बांग्लादेशी नागरिकों को चोरी तथा मानव तस्करी के आरोप में पकड़ा है, इसके बाद रायपुर पुलिस भी अलर्ट हो गई है।

एटीएस ने पकड़े गए बांग्लादेशी भाइयों से पूछताछ के आधार पर च्वाइस सेंटर संचालक मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बांग्लादेशी भाइयों के एक और मददगार शेख अली अब तक पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस को शेख अली के बांग्लादेश भाग जाने की शेख अली की तलाश में रायपुर पुलिस बांग्लादेश बार्डर तक पहुंच चुकी है, लेकिन पुलिस को शेख अली के बारे में अब तक किसी भी प्रकार का कोई सुराग नहीं मिला है।

हरिभूमि फॉलोअप


एटीएस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहा

रायपुर के बांग्लादेशी शातिरों का पाक, इराक कनेक्शन, आधा दर्जन देशों में हो रही थी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले महीने मुंबई एयरपोर्ट से इराक भागने की फिराक में पकड़े गए तीन बांग्लादेशी ...कि जो आपस में सगे भाई हैं। उनके आधा... देश में एटीएस को बातचीत करने का ब्योरा मिला है। अलग-अलग ...का ब्योरा मिलने के बाद एटीएस की टीम अलर्ट हो गई है। एटीएस ने मोहम्मद ...ल, शेख अकबर और शेख साज... पूछताछ करने दो दिनों की कोर्ट ...ड हासिल की है।

रायपुर में रह रहे थे तीन बांग्लादेशी, फर्जी पहचान पत्र से इराक भागने की कोशिश, मुंबई में धरे गए

बांग्लादेशी नागरिकों के सीरिया, इराक, वियतनाम, इजराइल सउदी अरब तथा पाकिस्तानी नंबरों से बातचीत करने की जानकारी मिली है। इन देशों में बांग्लादेशी नागरिकों ने आईएमओ ▶▶| शेष पेज 5 पर

**अरब को छोड़ शेष अन्य देश हिंसा प्रभावित**

साउदी अरब को छोड़ सिरिया, वियतनाम, इराक, इजराइल हिंसा प्रभावित देश हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान में आतंकवाद चरम पर है। ऐसे में बांग्लादेशी नागरिकों के इन देशों में संपर्क करने को लेकर कई तरह के संदेह हो रहा है। एटीएस को आशंका है कि गिरफ्तार बांग्लादेश नागरिकों के कहीं आतंकी कनेक्शन तो नहीं है। बातचीत की ▶▶| शेष पेज 5 पर

**दस्तावेज रद्द कराने की तैयारी**

बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेज के माध्यम से वोटर आईडी से लेकर आधार, पेन कार्ड तथा पासपोर्ट बनवाए थे। इन सभी दस्तावेजों को रद्द कराने एटीएस ने चुनाव आयोग के साथ जिला प्रशासन, नगर निगम तथा ▶▶| शेष पेज 5 पर

### बड़ा नेटवर्क संचालित होने की आशंका

महासमुंद पुलिस ने बांग्लादेश तथा भारत के बार्डर में रहने वाले जिस अफसर तथा मिलन मंडल को गिरफ्तार किया है, इनके द्वारा बांग्लादेश से आए चोर गिरोह को पनाह देने के साथ ही उनको चोरी छिपे बार्डर पार कराने का आरोप है। राज्य के इतिहास में पहली बार पुलिस ने दोनों के खिलाफ फॉरेनर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इन दोनों पर मानव तस्करी कराने का आरोप है।

### बांग्लादेशी ज्वेलरी बिकवाने का काम करते थे

पुलिस से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अफसर तथा मिलन मंडल चोरी छिपे बांग्लादेश से आए लोगों की सोने की ज्वेलरी पश्चिम बंगाल में बिकवाने का काम करते थे। इसके एवज में उन्हें मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। बांग्लादेश में सोने की कीमत कम है। इस वजह से वहां से आए लोगों की सोने की ज्वेलरी भारत में बिकवाने का काम करते थे।

### पांच से सात हजार रुपए में बार्डर पार

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक बांग्लादेश से आने तथा यहां से चोरी छिपे बांग्लादेश जाने वालों से अफसर पांच से सात हजार कमीशन लेता था। इसके बाद वह अपने एजेंट के माध्यम से बार्डर पार करवाता था। बांग्लादेश बार्डर पर तनाव बढ़ने के बाद सीमा को कंटीले तारों से सील कर दिया गया है। इसे देखते हुए बार्डर पार कराने कमीशन की राशि दस से 15 हजार रुपए वसूल रहे।

### बार्डर पार करने वालों को अफसर भी नहीं जानता

दशकों से भारत में फर्जी तरीके से रह रहे 70 वर्षीय अफसर को नहीं मालूम कि उसने कितने लोगों का बांग्लादेश से भारत आने में मदद की है। अफसर ने पुलिस को बताया है कि भारत आने के इच्छुक लोग उसे कॉल कर संपर्क करते थे। इसके बाद वह अपने एजेंटे के माध्यम से उनकी भारत आने मदद करता था। एजेंट संबंधित से पैसा लेकर अपने कमीशन की राशि रख शेष रकम अफसर को दे देते थे।

# सब्जियों के दाम गिरने से किचन का बजट हुआ कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शादी सीजन होने के बाद भी मार्च माह में हरी सब्जियों के दाम कम है। रेट गिरने से जहां उपभोक्ता खुश हैं, वहीं सब्जी व्यवसायी भी अच्छी ग्राहकी देखकर प्रसन्न हैं। अमूमन फरवरी मार्च में हरी सब्जियों के दाम कम हो जाते हैं लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। शहर के बाजारों में सब्जियां 5 से 10 रुपए किलो बिक रही हैं। वहीं सीजनेबल सब्जियों के दाम 20 से 30 रुपए है। टमाटर की अधिक आवक के कारण रेट औंधे मुंह गिर गया है। पिछले दो माह से टमाटर चिल्हर बाजार में 5 से 7 रूपए किलो बिक रहा है। उपभोक्ता भी थैला भरकर सब्जियां खरीदने मशगुल हैं और तीनों टाइम हरी सब्जियों का मजा ले रहे हैं।

- इतवारी बाजार अपडेट टमाटर 5 रुपए किलो, पत्तागोभी, नवलगोल, लौकी 10 में बिका

शहर के इतवारी बाजार में शाम चार बजे ग्राहको की काफी भीड़ नजर आई। गृहणियों ने सब्जियों के रेट कम होने से दिल खोलकर खरीददारी की। सब्जी व्यवसायी संत पटेल, दीनदयाल पटेल ने बताया कि रविवार को टमाटर 5 से 7 रुपए किलो बिका। पत्तागोभी, नवलगोल, लौकी 10 रुपए किलो रहा। भटा, भिंडी, कुम्हड़ा, मूली, सेमी 20 रुपए किलो रहा। गाजर, कुंदरू, बरबट्टी, केला, डोड़का, तोरई 30 रुपए रूपए किलो रहा। ग्वारफल्ली, मुनगा, अदरक, कोचई, ढेंस, परवल, कटहल, मेथी भाजी 60 रुपए किलो बिका। हरा धनिया 50 रुपए किलो रहा।

# भाजपा ने बिहार स्थापना दिवस पर मनाया स्नेह मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत शनिवार को बिहार स्थापना दिवस पर रायपुर और भिलाई में बिहार स्थापना दिवस पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और अन्य भाजपा नेता और मंत्री शामिल हुए।

- मुख्यमंत्री साय और भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिहार के मंत्री नितिन नवीन हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, बिहार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराएं, त्योहार और पारिवारिक मूल्य सबकुछ एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। ये रिश्ता केवल भूगोल का नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कारों का है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच रोटी-बेटी का रिश्ता केवल कहावत नहीं, अब सामाजिक हकीकत बन चुकी है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया, उनकी माता जी भी अविभाजित बिहार से थीं और उनका झारखंड से पुराना संबंध रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, अब छठ पर्व छत्तीसगढ़ में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। राज्य भर के तालाबों और नदियों पर सुंदर छठ घाटों का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया, उन्होंने स्वयं भी जशपुर जिले के कुनकुरी में एक करोड़ की लागत से छठ घाट बनवाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से भाषायी, सामाजिक और सांस्कृतिक दूरियाँ कम होती हैं। आज का यह समारोह दो राज्यों के बीच भाईचारे और सांस्कृतिक समझ का सेतु बना है।



### मोदी की गारंटीः वादा नहीं, संकल्प है

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और हमें सेवा का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार ने बीते सवा साल में जनहित की कई योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक 70 लाख से अधिक विवाहित माताओं-बहनों को हर महीने 1000 की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और सम्मान में वृद्धि हुई है।

# एक तरफ 24 घंटे पानी का सपना, दूसरी तरफ 10 में से 5 जोन में किराये के पानी टैंकर की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के एक तरफ जहां 15 वार्डों में 24 घंटे भरपूर पीने का पानी पहुंचाने का सपना है, वहीं नगर निगम के 10 जोन में से 5 जोन ऐसे हैं जहां अभी से पानी की किल्लत शुरू हो गई है। नलों में पानी का प्रेशर कम होने और बोरवेल में जल स्तर घटने से प्रभावित इलाके के लिए किराये के पानी टैंकर भेजने की मांग आई है। नगर निगम का जल विभाग इस बार जल संकट प्रभावित इलाकों में 30 से 35 किराये के पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाएगा। दलदल सिवनी, लभांडी, कचना के बीएसयूपी आवासीय कालोनी में जल संकट दूर करने किराये के टैंकर भेजा जा रहा है। शहर के 21 जगहों से पानी टैंकर की मांग वहां के वार्ड पार्षदों ने जनता की परेशानी को देखते हुए की है। रायपुर स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति योजना को धरातल पर लाने में अभी समय लगेगा।

- 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना में अभी लगेगा समय

रायपुर नगर निगम के 5 जोन ऐसे हैं जहां मार्च माह में ही संबंधित वार्ड के रहवासियों ने नगरनिगम से पेयजल समस्या को देखते हुए किराये के पानी टैंकर की मांग की है। खमतराई स्थित नगर निगम जोन 1 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित यतियतनलाल वार्ड में बुनियाद नगर, सतनामी पारा में पानी की समस्या बनी हुई है। क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि नई पाइप लाइन बिछाने के बाद भी उनके यहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है। नगर निगम के पानी टैंकर भरोसे हर बार की तरह इस बार भी उन्हें रहना पड़ रहा है। इसी तरह बंजारी माता वार्ड के कुछ रहवासी इलाकों में पानी की समस्या शुरू हो गई है। जोन 2 में रेल्वे की जमीन पर बसी बस्ती में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। वहां किराये के पानी टैंकर भेजने की व्यवस्था में निगम जुटा है।

नगर निगम जोन 6 के शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बृजनगर, शहीद राजीव पांडे वार्ड में संजय नगर, आरडीए प्लाट क्षेत्र इंदिरा नगर, महामाया मंदिर वार्ड में परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 2 क्षेत्र, जोन 9 के कुशाभाउ ठाकरे वार्ड में द्वारिका विहार गली नंबर 1, दलदल सिवनी बीएसयूपी, बैरागी बीएसयूपी, टेकारी पीएमएवाय, साजनदास बीएसयूपी में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुये किराये के पानी टैंकर की मांग की गई है। शहीद पंकज विक्रम वार्ड में टैगोर नगर क्षेत्र, छत्तीसगढ़ नगर में पानी की समस्या से निपटने टैंकर की व्यवस्था करने जोन स्तर पर मांग की है।

**सबसे ज्यादा दिक्कत आउटर के इलाकों में**



**कई सांसद, विधायक जहां अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बना दिए**

# भाजपा के तीन हजार सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को 3 माह से सीएम के साथ भोजन और सम्मान का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था। सदस्यता अभियान समाप्त होने के तीन माह बाद भी कार्यकर्ताओं को सीएम के साथ भोजन करने और सम्मान का इंतजार है, अब तक इसके लिए कोई तिथि तय नहीं हो सकी है। संभावना है कि अगले माह कार्यकर्ताओं का इंतजार पूरा हो जाएगा। जहां एक तरफ प्रदेश के कई दिग्गज सांसद और विधायक अपना लक्ष्य पूरा नहीं सके, वहीं कई कार्यकर्ताओं ने दस-दस हजार तक सदस्य बनाने का काम किया है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देश भर में बीते साल सितंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया तो छत्तीसगढ़ को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया, लेकिन छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान की रफ्तार को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में भाजपा का लक्ष्य 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख कर दिया। प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को प्राप्त भी कर लिया।



### कई सांसद-विधायक रहे पीछे

सदस्यता अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया कमाल

जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने के साथ सम्मान का इंतजार है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव और इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता व्यस्त रहे हैं। नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के बाद सभापति, उपाध्यक्षों और जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव हुआ तो सब इसमें लग गए। अब सारे काम हो गए है तो कहा जा रहा है कि जल्द ही कोई तिथि तय करते कार्यक्रम किया जाएगा और वादे के मुताबिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा और उनको मुख्यमंत्री के साथ भोजन का भी मौका दिया जाएगा।

# दक्ष योजना का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लैब सिस्टम्स स्ट्रेथनिंग प्रोजेक्ट (दक्ष) के तहत आयोजित ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशालाओं की श्रृंखला का समापन हो गया। कार्यशाला अंबिकापुर, जगदलपुर, दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर में आयोजित की गई थी।

कुल 33 जिलों से 118 चयनित प्रशिक्षकों ने इन कार्यशाला में भाग लिया। इन प्रशिक्षकों को संबंधित क्षेत्रों में सहयोगी टीम के सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस किया गया है। कार्यशालाओं में लैब संचालन, डायग्नोस्टिक उपकरणों का उपयोग, लैब प्रबंधन, गुणवत्ता आश्वासन, और मेडिकल टेस्टिंग में सर्वोत्तम प्रथाओं सहित विभिन्न पहलुओं को कवर किया गया। इन कार्यशालाओं में बंगलौर से एक्सपर्ट बुलाये गए थे। रायपुर में आयोजित कार्यशाला में डॉ. नवनीत रंजन, अंजय कुमार गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. संतोष भंडारी, हॉस्पिटल कंसलटेंट डॉ. मिथिलेश सोनबेर उपस्थित रहें। डॉ. भंडारी ने कार्यशाला के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक मजबूत प्रयोगशाला तंत्र स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी और जिम्मेदार बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## खबर संक्षेप

### दुग्ध उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर सम्मेलन 10 अप्रैल से

रायपुर। छग शासन की वर्तमान नीतियों एवं पहल से छग का डेयरी क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। इसी कड़ी में दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग, दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर और भारतीय डेयरी संघ के संयुक्त रूप से डेयरी आजीविका और स्वास्थ्य को बदलने के लिए एक सतत दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का अयोजन 10-11 अप्रैल को डॉ. सी. राजेश्वरी ऑडिटोरियम, श्री सत्य सांई सौभाग्यम अटलनगर नवा रायपुर में किया जा रहा है। यह सम्मेलन ज्ञान अदान-प्रदान को बढ़ावा देने, नवाचारों को उजागर करने और शिक्षा जगत, उद्योग, किसानों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग को सुगम बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। चर्चा के विषयों में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाना, चारे के संसाधनों का अनुकूलन, स्मार्ट डेयरी खेती, उन्नत उत्पादन तकनीकें आदि विषय शामिल होंगे।

### पुरी में मां कर्मा जयंती 25 को

**पुरी**। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पुरी में ग्रामीण साहू समाज द्वारा मां कर्मा जयंती 25 मार्च मंगलवार को ग्राम पुरी के बाजार चौक में मनाई जाएगी। कलश यात्रा दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी। अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन संध्या 5 बजे होगा।

### दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति ने चलाया सदस्यता अभियान

**धमतरी**। दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति जिला धमतरी एवं जरही माता सांकरा के बुजुर्गों ने एक बैठक आयोजित वर्ष भर के आय व्यय 2024-25 की कार्ययोजना तैयार की। नये सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। विश्व जल दिवस के अवसर पर जल बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संतोषी विश्नोई, बसंत कुमार विश्नोई, रोहित साहू, नीलकंठ, डेरहाराम, सोमनलाल, सुलोचना, सुलेखा, शिवचरण तथा पुराणिक साहू उपस्थित रहे। बैठक में दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने की योजना पर चर्चा की गई।

### गट्टासिल्ली साप्ताहिक बाजार की नीलामी 25 को

**नगरी**। बेलरगांव विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली में सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार की नीलामी 25 मार्च को ग्राम पंचायत भवन में होगी। यह जानकारी सरपंच रामकुमार सामरथ ने दी है।

### पीजी कालेज के चार एनसीसी कैडेटों का अग्निवीर में चयन

**धमतरी**। बीसीएस शासकीय महाविद्यालय के 4 एनसीसी कैडेट का चयन अग्निवीर में हुआ है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के निर्देशन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेटों का चयन अग्निवीर में चयनित हुआ है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम ने बताया कि कैडेट्स जीवित कुमार, शिवराम, होरीलाल, खिलेश्वर ने पढ़ाई के साथ-साथ सोशल वर्क सहित एनसीसी की सभी गतिविधियों में विशेष पहचान बनाई है। इसी का परिणाम है कि इन कैडेटों का चयन अग्निवीर में हुआ है। इस उपलब्धि पर डॉ. हेमवती ठाकुर, डॉ.प्रभा वेरुलकर, प्रो. ग्रेस खजूर, प्रो. सीमा साहू, प्रो. कोमल प्रसाद, डॉ. गायत्री लहरे, डॉ. दुर्गेश प्रसाद, डॉ.राकेश, कुमार साहू प्रो. अमित साहू, प्रो. अमरसिंह साहू, डॉ.सपना, ताम्रकार सहित महाविद्यालयीन स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### भाजपा सरकार कानून व्यवस्था को सम्हालने में विफल : ओंकार

**धमतरी**। विधायक ओंकार साहू ने धमतरी समेत प्रदेश में बढ़ती सूखा नशा की तस्करी व बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि धमतरी जिले में रोज लूट-पाट, चाकूबाजी व हत्या जैसी गंभीर घटना हो रही है। शहर में गांजा के बाद अब हीरोइन जैसे मादक पदार्थ की तस्करी यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि आपराधिक घटना को रोक पाना भाजपा सरकार के गृहमंत्री विजय शर्मा के बस की बात नहीं है।

# होलिका दहन की तपिश ने उखाड़ा सड़कों का डामर, 300 से अधिक स्थानों पर बने नए गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


होली से एक दिन पहले शहर में 400 से अधिक जगहों पर होलिका दहन किया गया था। ज्यादातर जगहों पर यह आयोजन सड़कों पर हुआ था, जिसके बाद अब आग की तपिश से सड़कों का डामर उखड़ चुका है। जर्जर सड़कों के कारण अब शहरवासियों को वाहन चलाने में खासी परेशानी हो रही है।

अधिकतर चौक-चौराहों का यही हाल है। कुछ सड़के ऐसी भी हैं, जिनका डामरीकरण हाल ही में हुआ था, लेकिन होलिका दहन के दौरान मुरुम का उपयोग सही तरीके से नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आग की वजह से डामर सड़क से अलग हो गया। इस स्थिति से न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## अधिकतर जगहों पर मुरुम का नहीं किया गया उपयोग

### सड़कों में बढ़ गए गड्ढे

होलिका दहन के बाद अब शहर की सड़कों में गड्ढों की संख्या बढ़ गई है। पुरानी बस्ती से लेकर टैगोर नगर, समता, टीकरापारा, डीडी नगर, कुशालपुर व अन्य जगहों की सड़कों पर छोटे-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। होलिका दहन के दौरान आग सीधे सड़क की सतह पर गिरती है, जिसके कारण कई जगहों पर सड़क के डामर की परत पूरी तरह से उखड़कर अलग हो गई है, जिससे गड्ढे बन गए हैं। दहन के दौरान अग्नि की तेज लपटें और उच्च तापमान सड़क की सतह को प्रभावित करता है। जब यह डामर अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आता है, तो वह पिघलने लगता है और सड़क से अलग हो जाता है।





### नई सड़कों का भी बुरा हाल

होलिका दहन से खराब हुई सड़कों में ज्यादातर वही सड़कें हैं, जिनका हाल ही में डामरीकरण किया गया था, क्योंकि इन सड़कों में डामर की परत पूरी तरह से मजबूत नहीं हुई थी। तेज आग के संपर्क में आने से यह उखड़ने लगती हैं।

### निगम की मुरुम व्यवस्था भी नाकाम

होलिका दहन के कारण हर साल सड़कों का बुरा हाल होता है। हालांकि, इस समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने हर साल चौक-चौराहों में मुरुम की व्यवस्था की जाती है, लेकिन इसके बावजूद इस बार कई वार्डों समेत कई जगहों पर होलिका दहन के कारण सड़कों की स्थिति खराब हो चुकी है। हरिभूमि की पड़ताल में पता चला कि इस बार शहर की 300 से अधिक जगहों पर होलिका दहन के कारण सड़कों से डामर उखड़ चुका है। इन सड़कों का डामरीकरण अब फिर से करना जरूरी हो गया है। जर्जर सड़कों पर वाहनों की आवाजाही से सड़कें भी जल्द खराब हो जाएंगी।

# एक्सप्रेस-वे के ऊपर से गुजरेगा खालसा स्कूल पंडरी थाने के आगे तक बनने वाला फ्लाईओवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


कलेक्टोरेट के पीछे खालसा स्कूल के पास से लेकर पंडरी थाने के आगे तक फ्लाईओवर बनेगा, जो एक्सप्रेस-वे के 15 मीटर ऊपर से होकर गुजरेगा। इस फ्लाईओवर के निर्माण से खालसा स्कूल से पंडरी थाना तक जगह-जगह लगने वाले ट्रैफिक जाम से भी लोगों को मुक्ति मिलेगी, क्योंकि फ्लाईओवर दलदल सिवनी और दुबे कालोनी के पास उतारा जाएगा। इससे शहर के अंदर और बाहर आने-जाने वाली गाड़ियां भी फ्लाई ओवर से बिना किसी सिग्नल एवं रुकावट के आवागमन कर पाएंगी।

इधर कचना रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी जारी है। इसके निर्माण होने से रेलवे क्रासिंग में फाटक के कारण हर दिन एक लाख से अधिक लोगों को परेशान होना पड़ता है। फ्लाई ओवर शुरू हो जाने के बाद लोगों की परेशानी खत्म हो जाएगी और रेलवे लाइन को क्रास करने के लिए फाटक के खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हालांकि रेलवे पटरी के पार दोनों तरफ फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन पटरी के ऊपर का ब्रिज का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इसके कारण इस ब्रिज के निर्माण में देर हो रही है।

### 3.08 किलोमीटर फ्लाईओवर के लिए 300 करोड़ का बजट

खालसा स्कूल से पंडरी थाने के आगे तक ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार 35 मीटर चौड़ा एवं 3.08 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर के लिए 3 सौ करोड़ रुपए के बजट को स्वीकृति दी गई है। फ्लाईओवर के निर्माण में कई निजी दुकानें, मकान एवं खाली प्लॉट भी आ रहे हैं, जिन्हें अधिग्रहण करना होगा। इसके लिए निजी संपत्ति मालिकों को मुआवजा भी बांटना होगा। इसे देखते हुए ब्रिज के निर्माण के लिए 3 सौ करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। संभावना जताई जा रही है कि 100 करोड़ रुपए के आसपास मुआवजा राशि बांटी जा सकती है।

### ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति



### एक्सप्रेस-वे के 15 मीटर ऊंचा बनेगा ओवरब्रिज

खालसा स्कूल के सामने से बनने वाला फ्लाईओवर पंडरी में एक्सप्रेस-वे ब्रिज के ऊपर से गुजरेगा। इस तरह इस ब्रिज की ऊंचाई एक्सप्रेस-वे के ओवरब्रिज से करीब 15 मीटर होगी। इस ब्रिज की कुछ ऐसी ही डिजाइन तैयार की गई है। हालांकि विभाग की ओर से ब्रिज निर्माण की डिजाइन को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है।

### पटरियों के ऊपर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से कचना ओवर ब्रिज के निर्माण में देर

कचना ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी धीमे गति से चल रहा है। अक्टूबर 2023 में इस ब्रिज के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी। जिस निर्माण एजेंसी को इसका ठेका मिला है। उसके द्वारा 18 माह में इसका निर्माण किया जाना है। इसके तहत फाटक के दोनों तरफ ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा हैं, लेकिन रेलवे क्रासिंग के ऊपर ब्रिज का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इस कारण ओवरब्रिज के निर्माण में देरी हो रही है। इसके कारण रेलवे फाटक को पार करने के लिए हर रोज हजारों लोगों को यहां फंसना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि 871.84 लंबी एवं 13.5 मीटर चौड़ी ओवरब्रिज करीबन 35.34 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जा रही है। इस ब्रिज के बन जाने से इस इलाके के आसपास रहने वाले दो लाख से अधिक लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### हर रोज करीब एक लाख गुजरती हैं गाड़ियां

ट्रैफिक पुलिस सर्वे के अनुसार खालसा स्कूल से पंडरी थाना मार्ग पर हर रोज सुबह से देर रात तक करीब एक लाख गाड़ियां गुजरती है। ये गाड़ियां पंडरी कपड़ा मार्केट से होकर खालसा स्कूल से होकर शहर में प्रवेश करती हैं। इन गाड़ियों के कारण इस मार्ग पर दिनभर ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। इसके कारण लोग जाम में फंसते हैं। फ्लाईओवर ब्रिज के बनने से गाड़ियों का दबाव डायवर्ट हो जाएगा, जिससे इस इलाके के आसपास बसी करीब दर्जन भर कालोनीवासियों को भी जाम से मुक्ति मिलेगी।

### मोवा ब्रिज पर कम होगा दबाव

खालसा स्कूल-पंडरी फ्लाईओवर ब्रिज के बनने के बाद मोवा ओवरब्रिज पर भी गाड़ियों का दबाव कम होगा। पंडरी से दलदल सिवनी, विधानसभा और बलौदाबाजार भाटापारा जाने वाली गाड़ियां इसी ब्रिज से होकर गुजरती हैं। यही कारण है कि अवंति बाई चौक पर सुबह शाम अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। नया फ्लाईओवर बनने से इस ब्रिज पर दबाव कम हो जाएगा। शहर से बाहर जाने वाली गाड़ियां खालसा स्कूल से ब्रिज के रास्ते से निकल जाएंगी।

### इन इलाकों के लोगों को मिलेगी राहत

ओवरब्रिज बनने से सड्डू, कचना, गायत्री नगर, राजातालाब, अमन नगर, शंकर नगर, मोवा, दुबे कालोनी, पंकज नगर, वीआईपी कालोनी, शांति नगर, काली नगर, स्वर्णभूमि सहित अन्य बड़ी कालोनियों के अलावा बस्तियों में रहने वाले लोगों को भी ट्रैफिक से राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पंडरी से बस स्टैंड हटने के बाद भी इस इलाके में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है, क्योंकि पिछले दस वर्षों में पंडरी से आगे विधानसभा भवन क्षेत्र तक के इलाकों में तेजी से बसाहट बढ़ी है।

# मौसम बदलकर विक्षोभ कमजोर हुआ, नमी लाएगी चिपचिपाहट वाली गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश का मौसम बदलने वाला पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ने की वजह से कमजोर हो गया है। बारिश और ओलावृष्टि की वजह से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ी हुई है जिसकी वजह से आने वाले दिनों में चिपचिपाहट भरी गर्मी असर दिखाएगी। शनिवार को वर्षा की गतिविधि उत्तरी और दक्षिणी हिस्से में सिमटी रही है।

■ सिमटी रही वर्षा की गतिविधि

विक्षोभ के प्रभाव से तैयार चक्रवाती घेरा और द्रोणिका के कारण पिछले तीन दिनों से प्रदेश के मौसम बदलाव नजर आया। शुक्रवार को तो कई इलाकों में अच्छी बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। शहर में छाए बादल तेज हवाओं के साथ मामूली रूप से बरसते रहे। इसका सीधा प्रभाव रात के तापमान पर हुआ और मौसम में ठंडकता आ गई। शनिवार को वर्षा की गतिविधि पेंड्रा इलाके में सिमटी रही और दिन का तापमान बहुत अधिक नहीं चढ़ पाया। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार सिस्टम अब सक्रिय हो गया है जिसकी वजह से वर्षा की गतिविधि भी कम होगी। बारिश सरगुजा और बस्तर संभाग में ही असर दिखा सकती है। गर्मी में थोड़ी वृद्धि होगी मगर वातावरण में मौजूद नमी का प्रभाव चिपचिपाहट के रूप में महसूस होगा। मौसम साफ होने में अभी दो से तीन दिन का वक्त लगने की संभावना है।

### इन इलाकों में हुई वर्षा

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में कापू, शंकरगढ़, जशपुर में 5 सेमी., सूरजपुर, कांसाबेल, भैयाथान, बागबहार, अंतागढ़ में 3 सेमी., कुसमी, मैनपाट, बगीचा, तमनार, कुनकुरी, माना में 2 सेमी. तथा अन्य इलाकों में एक सेमी. से बूंदाबांदी वाली स्थिति बनी रही। शनिवार को सर्वाधिक तापमान राजनांदगांव में 37.5 डिग्री रिकार्ड किया गया।

# पर्यटन स्थल खल्लारी में सड़क जर्जर डामरीकरण के लिए सीएम को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी



दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी के अत्यंत जर्जर सड़क का नवरात्र पर्व और चैत्र पूर्णिमा मेला आयोजन के पहले डामरीकरण के साथ व्यवस्थित कराने के मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि-विधायी कार्य, नगरी प्रशासन व उप मुख्यमंत्री अरूण साव को ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू ने पत्र लिखा है।

उपसरपंच तारेश साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को डाक के माध्यम से भेजे अपने पत्र में यह उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में खल्लारी की अपनी अलग पहचान और महत्व है।

इस दृष्टि से आगंतुक श्रद्धालु भक्तों के आवागमन में विशेष सुविधा के लिए वर्तमान समय के दो महत्वपूर्ण पर्व चैत्र नवरात्र और प्रसिद्ध ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला को ध्यान में रखते हुए दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी की ओर जाने वाली महज दो किलोमीटर के सड़क पहुंच मार्ग, जो कि अत्यंत जर्जर व बदहाल के साथ कंडम और अव्यवस्थित है। जिसे नवरात्र पर्व और ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला आयोजन के पहले नेशनल हाईवे क्रमांक 353 से खल्लारी प्रवेश द्वार से होते हुए खल्लारी मेला स्थल और माता राऊर स्थित खल्लारी मंदिर तक सड़क मार्ग को डामरीकरण के साथ व्यवस्थित कराने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए मांग की है। वहीं इस मार्ग के प्रवेश द्वार में लगे काला ग्रेनाइट मार्बल पत्थर भी पिछले कुछ वर्षों से लगातार टूट-टूटकर गिर रहे हैं। जिससे इस मार्ग में चलने वाले राहगीरों के अलावा प्रतिदिन माता के दर्शन करने के लिए पहुंचने वाले सैंकडों श्रद्धालुगण व दर्शनार्थी सड़क और प्रवेश द्वार की खराब जर्जर स्थित को देख परेशान नजर आते हैं।

# मौसम बदला फिर बेमौसम बारिश ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पिछले तीन दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा और रविवार को सुबह गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई और कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। जिससे मौसम खुशनुमा लेकिन धूप निकलने के बाद उमस बढ़ गई। इधर, समय पर धान का उठाव नहीं होने से सूखत की समस्या से जूझ रहीं समितियों की मुश्किलें, मौसम ने और बढ़ा दी।

■ ग्रामीण क्षेत्रों में धान भीगने की खबर, शहर में नालियों ने उगला कचरा

उपार्जन केंद्रों में 5 लाख क्विंटल धान खुले आसमान में नीचे रखा धान रविवार को तेज बारिश से भीगा है। धान खरीदी को समाप्त हुए एक महीने 21 दिन हो चुके हैं। पिछले दिनों कलेक्टर द्वारा 13 मार्च तक धान का पूर्ण उठाव करने के निर्देश के बावजूद अब तक उठाव पूर्ण नहीं हुआ है। जिले में कुल 110 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। अब तक 105 लाख क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। 5 लाख क्विंटल धान ही उपार्जन केंद्रों में है। इस वर्ष धान का उठाव भी देर से प्रारंभ हुआ था।



सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू ने बताया कि कोमाखान क्षेत्र के आस-पास की समितियों में धान ज्यादा है। परिवहन नहीं हुआ है। शीघ्र उठाव को लेकर कई बार विपणन अधिकारियों से चर्चा कर चुके हैं। परिवहन धीमी गति से हो रहा है। जिला विपणन अधिकारी टिकेंद्र राठौर ने बताया कि पांच प्रतिशत धान का ही उठाव शेष है। उपार्जन केंद्रों को तिरपाल से धान को ढंकने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे धान न भीगे।

## नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाने के लिए विधायकों का विशेष

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- हम सबके बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर में आज आयोजित दो दिवसीय पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, हम सभी के बीच मतभेद हो सकते है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों में यह बात हमेशा से कायम है। छत्तीसगढ़ का विकास हमारा मूल उद्देश्य है और जनप्रतिनिधि के रूप में हमें प्रदेशवासियों के हित में सदैव समर्पित होकर काम करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में हमेशा सीखते रहने की बात करते है और निश्चित रूप से सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। यहां कई ऐसे विधायक मौजूद है, जिनका जनप्रतिनिधि के रूप में लंबा अनुभव है, लेकिन वे भी इस कार्यक्रम को लेकर बहुत अधिक उत्साहित है। उन्होंने कहा, आप सभी सदस्यों की मौजूदगी यह साबित करती है कि छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर आप कितने चिंतित भी है और उत्साहित भी है। जनप्रतिनिधि के रूप में आमजनों से आपका व्यवहार सबसे बड़ी पूंजी है और यह लोगों के मन में आपके और संसदीय व्यवस्था के प्रति विश्वास को अधिक मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने भारतीय प्रबंध संस्थान में पिछले वर्ष आयोजित चिंतन शिविर को भी अत्यधिक उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर में हमने जो कुछ सीखा था, छत्तीसगढ़ के नीति निर्माण में हमने इसका भरपूर उपयोग किया है। विजन डॉक्यूमेंट से लेकर बजट तैयार करने में भी हमें इससे बड़ी मदद मिली।



### लीडर बनना एक प्रक्रिया यह सीखना होगा : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास मंहत ने कहा, विधायक बनते ही हम लीडर बन गये, ऐसा सोचना गलत धारण होगी। लीडर बनना एक प्रक्रिया है और हमें यह सीखना होगा। उन्होंने कहा, विषम परिस्थितियों से निकलकर जशपुर का एक आदिवासी बेटा आज मुख्यमंत्री बना है, यह हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती और ताकत है। हम सभी का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की उन्नति है और इसी को लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है।

# सीजीएमएससी घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग

**रायपुर** । कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, लगातार मीडिया में खबरें बनने के बाद दबाव में राज्य की भाजपा सरकार ने रीएजेंट और दवा सप्लाई घोटाले की जांच की घोषणा की थी। मामले की लीपापोती करने ईओडब्ल्यू से जांच कराई जा रही, जबकि यह केंद्रीय पैसे में घोटाला है, अतः इसकी जांच सीबीआई से होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि घोटाले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी शामिल हैं। उन्होंने चलती जांच के बीच सप्लाई करने वाली कंपनी को भुगतान करवा दिया। साफ है कि घोटाले में उनकी सहभागिता थी। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, रीएजेंट की कृत्रिम मांग में स्वास्थ्य विभाग के तीनों अंग आपस में जुड़े हुए हैं। अफ़सर तो दोषी थे ही, अब राज्य के मंत्री की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ऐसे में यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि राज्य की कोई एजेंसी अपने ही सरकार के किसी मंत्री की भूमिका की जांच करेगी? वैसे भी रीएजेंट के पैसे केंद्र सरकार से आए थे। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि राज्य सरकार, खासकर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इस जांच में लीपापोती करने की कोशिश कर रही हैं। हमारी मांग है कि सैकड़ों करोड़ रुपए के इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।

**स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग**: कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जब तक जांच पूरी नहीं होती, स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दें। इस्तीफा नहीं देते है तो मुख्यमंत्री द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को पद से हटा देना चाहिए। पूरे घोटाले दौरान जो अधिकारी विभाग में पोस्टेड थे उन्हें निलंबित कर जांच होनी चाहिए, क्योंकि उनकी उपस्थिति में जांच प्रभावित हो सकती है।

## खबर संक्षेप



### कान्हा महाराज का आगमन आज

**खल्लारी।** धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी स्थित माता राऊर प्रांगण स्थित मंगल भवन में सोमवार 24 मार्च को सुबह 9 बजे महाराज सदन तिवारी कोमना ( ओडिशा वाले) के सुपुत्र कान्हा महाराज का आगमन होगा। महराज का आगमन, खल्लारी निवासी वरिष्ठ कृषक लोमस पटेल की अगुवाई और ग्राम सुरक्षा समिति खल्लारी के विशेष सहयोग से होगा। इस दौरान गुरुदेव महराज सदन तिवारी एवं महाराज कान्हा तिवारी दोनों एक साथ उपस्थित रहेंगे। वे यहां ग्रामीणजनों के बीच में धार्मिक आयोजन पश्चात महाराज ओडिशा के लिए निकलेंगे। उक्त भेंट मुलाकात व धार्मिक आयोजन पश्चात आयोजक द्वारा उपस्थित जनों को प्रसाद व मिठाई वितरण किया जाएगा। इससे पहले महाराज का कार्यक्रम क्वांर नवरात्र के दौरान 2022 में भी भागवत कथा के रूप में आयोजन हुआ था। वरिष्ठ कृषक लोमस पटेल ने बताया कि महाराज का यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भगवान राधा-कृष्ण युगल यात्रा से है, जो की यह धार्मिक यात्रा छत्तीसगढ़ के भिलाई से निकलकर छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के विभिन्न प्रांतों में भ्रमण करते कोमना (ओडिशा) जाएगी।

### राजधानी में हुई अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की संभागीय बैठक

**सरायपाली।** राजधानी में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ का अति महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। समस्त जिला अध्यक्ष मुख्य शाखा, महिला शाखा प्रकोष्ठ, समस्त प्रदेश पदाधिकारीगण, समस्त कार्यकारिणी के सदस्य, सभी नए सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति की संभागवार, एजेंडा, प्रदेश कार्यकारिणी, विषयवार पुष्टि करना, सदस्यता अभियान की समीक्षा, रेजांगला शौर्य, कलश यात्रा की तैयारी एवं रूप चार्ट पर चर्चा की गई। आगामी बैठक राहुल यादव के आफिस में बिलासपुर आहूत करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एसडी यादव, प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, संयोजक संजय यादव, राहुल यादव व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव आदि मौजूद रहे। यह जानकारी नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी ने दी है।

### प्रबंधक व जिम्मेदार अधिकारियों पर हो कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले के कौवाझर स्थित करणी कृपा पावर प्लांट मौत का प्लांट बन चुका है। यह प्लांट में पहले भी कई बार हादसे हो चुके हादसे में कई श्रमिक अपनी जान गवा बैठे हैं, और कई श्रमिक घायल हो चुके हैं, और हादसे में कमी आने की बजाय पुनरावृति होना क्रूर प्रबंधक और जिम्मेदार विभाग दोनों पर सवलिया निशान लगता है। भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि करणी कृपा पावर प्लांट में 22 मार्च दोपहर एक बार फिर हादसा हुआ उन्होनें राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा है कि प्रबंधक व जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों पर सख्त से सख्त करवाई किया जाना चाहिए। करणी कृपा पावर प्लांट को तत्काल बंद कर देना चाहिए। घायल के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देना चाहिए।

### पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष से खल्लारी के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**खल्लारी।** ग्राम सुरक्षा समिति एवं ग्राम पंचायत खल्लारी के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने शनिवार 22 मार्च को नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशनलाल पटेल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर सहित जिला पंचायत कार्यालय में अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों से भी भेंट मुलाकात की। साथ ही खल्लारी में प्रतिवर्ष लगने वाले चैत्र नवरात्र एवं प्रसिद्ध ऐतिहासिक खल्लारी मेला महोत्सव में आने का आमंत्रण दिया। इस दौरान नीलांबर पटेल, बिसहत सिन्हा, पुनाराम साहू, कुबेर यदु सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# हाथियों के प्रति व्याप्त नकारात्मक धारणा पर वन विभाग ने जाहिर की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़पार सरसीवां

## हाथियों के लिए आतंकी, उत्पाती, हत्यारा, हिंसक, पागल, बिगड़ैल, जिद्दी जैसे शब्दों से बढ़ी है नकारात्मकता

छत्तीसगढ़ के वन विभाग ने हाथियों के प्रति समाज में व्याप्त नकारात्मक धारणा को लेकर चिंता व्यक्त की है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार ने कहा कि समाचार पत्रों और अन्य मीडिया माध्यमों में 'आतंकी, उत्पाती, हत्यारा, हिंसक, पागल, बिगड़ैल, जिद्दी' जैसे नकारात्मक शब्दों का उपयोग किया जाता है, जिससे समाज में हाथियों के प्रति भय और नकारात्मकता बढ़ती है। यह प्रवृत्ति मानव–हाथी सह–अस्तित्व के प्रयासों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा है कि भारत में हाथी सिर्फ एक वन्यजीव नहीं, बल्कि संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। प्राचीन काल से भगवान गणेश का प्रतीक माने जाने वाले हाथी को धैर्य, शक्ति और सहनशीलता का प्रतीक माना जाता है। हाथी को कीस्टोन प्रजाति एवं ईको–सिस्टम इंजीनियर भी कहा जाता है, क्योंकि वे वनों के पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके रहने से वनों की कार्बन अवशोषण क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

मानव–हाथी संघर्ष को केवल टकराव के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापक संदर्भ में प्रस्तुत किया जाए, ताकि सह–अस्तित्व को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने मीडिया को वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया है।

**खास बातें**

- हाथी सिर्फ एक वन्यजीव नहीं, बल्कि संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं का है अभिन्न हिस्सा
- कीस्टोन प्रजाति एवं ईको–सिस्टम इंजीनियर कहलाते हैं हाथी



### हाथियों का मनुष्य के साथ घनिष्ठ संबंध

हाथी और मानव के मधुर संबंध के प्रमाण – छत्तीसगढ़ के इतिहास में हाथियों का मनुष्य के साथ घनिष्ठ संबंध रहा है। बस्तर के 11वीं शताब्दी के ताम्रपत्रें, मुगलकालीन अभिलेखों और ब्रिटिश शासनकाल के गजेटियरों में इसका विस्तृत उल्लेख मिलता है। अकबर के दरबारी लेखक अबुल फजल की 'आईने–अकबरी' और कलचुरी राजाओं के शासनकाल के अभिलेखों में भी छत्तीसगढ़ के हाथियों और मनुष्यों के पारस्परिक संबंधों का प्रमाण मिलता है। मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण – अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार ने मीडिया से अपील की है कि हाथियों को लेकर सकारात्मकता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जाएं।

## आयोजन : शिकारी केसली में श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन

# ग्रामवासियों ने टीका टिकावन, खीर-पूरी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला

ग्राम शिकारी केसली में रामायण समिति और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री अखंड नवधा रामायण समारोह का बड़े धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में शनिवार को भगवान श्री राम और माता सीता के विवाह का वर्णन किया गया, जिसे गांव में धूमधाम से मनाया गया। विवाह के आयोजन में ग्रामवासियों ने टिकावन टीका, खीर-पूरी का वितरण किया और बाजे-गाजे और गीतों पर नाच-गान किया। यह कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।

ग्रामीणों ने बताया कि यह नवधा रामायण का आयोजन पिछले 72 वर्षों से ग्राम में लगातार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान श्री राम के प्रति और धर्म के प्रति ग्रामीणों की आस्था को बनाए रखना है, जिससे ग्रामीणों का धार्मिक विश्वास मजबूत हो सके।

- भगवान श्री राम और माता सीता के विवाह का किया वर्णन

समस्त ग्रामवासी महामाया चौक पर सुबह 7 बजे एकत्रित होकर इस कार्यक्रम में भाग लेते हैं, और बड़े उत्साह के साथ इसका आनंद लेते हैं। शनिवार तक इस आयोजन में 42 रामायण टोली द्वारा रामायण के गायन का प्रदर्शन किया जा चुका है। इन टोली के सदस्य अलग-अलग गांवों से आते हैं, और उन्हें श्री फल भेंट कर 401 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी समिति द्वारा दी जाती है। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया।





### सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देती है भागवत



**पलारी।** विकासखंड के ग्राम धिरघोल में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में क्षेत्रीय नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र मोनू साहू शामिल हुए, उक्त अवसर पर साहू जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा मानव कल्याण के साथ हमें सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देती हैं। मनुष्य को सही रास्ते पर चलने के लिए इन कथाओं का अनुसरण अपने जीवन मे करते रहना चाहिए। भगवान कृष्ण कहते है कि जो मुझे सच्चे मन से याद करेगा। मैं हमेशा के उसके साथ रहूंगा। मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलने के साथ अपना मन भी शुद्ध रखना चाहिए। उक्त अवसर पर ग्रामवासियों को जिला पंचायत सदस्य चुनाव हेतु विजयी श्री दिलाने के लिए अपार सहयोग समर्थन आशीर्वाद देने के लिए आभार प्रकट किया। उक्त अवसर पर क्षेत्र क्रमांक 4 से जनपद सदस्य श्रीमति जामवंती साहू ग्राम पंचायत के सरपंच विष्णु दास वैष्णव पूर्व सरपंच श्रीमति राज कुमारी साहू सरपंच प्रतिनिधि हेमकुमार साहू जनपद प्रतिनिधि नीलकमल साहू डॉ हेमंत साहू दिलीप साहू मोहन लाल साहू मदन लाल साहू हरक राम साहू रामसिंह साहू रामलाल साहू रोमनाथ साहू बलदाऊ साहू व बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे, संगीतमय कथा का रसपान कर ग्रामवासी आनन्दित हो रहे है।

### सप्तदिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन

**खरोरा।** नगर मे शिव महापुराण समिति खरोरा द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन 21 मार्च को समिति द्वारा भव्य कलश यात्र निकाल नगर भ्रमण कराया गया। तत उपरांत कथा स्थल लाकर पुरे विधि विधान से पुजा पाठ करा शिव महापुराण कथा का वाचन पंडाल सुरेश शर्मा द्वारा जहां पंडीत जी शिव जी के भक्ती के आड मे युवा व लोग गांजा भांग शराब आदि के नशे करते है ये लोग भगवान भोलेनाथ का भक्ती के आड मे अपमान है ,जबकि भगवान भोले बाबा जगत के रक्षा के लिए विष पी लिया विष के प्रभाव से भगवान मे विराजमान माता पार्वती को प्रभाव न पडे इस लिए भगवान भोले नाथ अपने कंट पर विष को रख लिए और निलकंट भगवान के नाम से जाने गये गले विष होने कि वजह से जलन के चलते माता पार्वती द्वारा गांजे भांग के पते लेप लगाये जिसे भोले बाबा आराम मिला इस लिए भगवान को भांग गांजा पंसद है वही इसका उपयोग अब लोग भगवान के आड मे नशा कर जो भक्ती के नाम पर गलत है वही रुद्राक्ष उत्पति व महिमा का गुणगान पंडीत सुरेश शर्मा द्वारा किया ।



## सरपंच की सक्रियता से सोनपुर का हुआ विकास





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत वनाँचल क्षेत्र क़े ग्राम पंचायत सोनपुर की सरपंच ओमेश्वरी साहू शपथ ग्रहण क़े बाद से ही अपने गाँव के चहुंमुखी विकास में अपना शत प्रतिशत योगदान दे रही है। ग्राम सोनपुर की जनता ने जिस तरह ऐतिहासिक मतों से उन्हें विजयी बनाया है उसी क़े अनुरूप वह दिन रात विकास कार्य हेतु प्रतिबद्ध है। सरपंच ने शपथ ग्रहण क़े तुरंत बाद गांव को प्रकाशमय करने हर चौक चौराहों में लगे बिजली खम्भें पर स्ट्रीट लाईट लगाया गया। साथ ही जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण मोहल्ले में बोर खनन कर जल कि समस्याओं से भी ग्रामीणों को राहत मिली है। इस तरह उनके द्वारा लगातार मुलभुत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम विकास में सतत प्रयास किया जा रहा है। ज्ञात हो कि ओमेश्वरी साहू बीते कई वर्षों से समाजिक हित समाज सेविका क़े रूप में कार्य करती आ रही है। सरपंच ओमेश्वरी साहू का कहना है कि उन्हें उनके ससुराल वालों से सदैव समर्थन एवं मार्गदर्शन मिलता आया है, ज्ञात हो कि सरपंच के ससुर माधव लाल साहू समाजसेवी थे क्षेत्र में उनकी अलग पहचान थी पूर्व में सोनपुर क़े सरपंच भी रह चुके है एवं सरपंच प्रतिनिधि वीरेन्द साहू परिक्षेत्र साहू संघ रिकोकला क़े अध्यक्ष क़े रूप में समाज सेवा से जुड़े हुए है साथ ही उनके इस तरह पूरा परिवार समाजसेवी क़े रूप में सेवाएं देते रहें है।

- सोनपुर में स्ट्रीट लाइट से हुआ प्रकाशमय, सरपंच कि सक्रियता से जल संकट भी हुआ दूर

## सरखोर के दो युवाओं का हुआ अग्निवीर में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन

समीपस्त ग्राम सरखोर में एक साथ 2 युवाओं का अग्निवीर में चयन होने से गांव में हर्ष का माहौल है। राहुल विश्वकर्मा, पिता जुगनु विश्वकर्मा, उम्र– 21 एवं रामरतन पैकरा, पिता– राम प्रसाद पैकरा ,उम्र –20 वर्ष दोनों का चयन अग्नि वीर में हुआ है। कुछ माह पूर्व इसी गांव से एक और युवा का चयन अग्नि वीर में हुआ था। समाजसेवी नूतन यादव ने बताया कि यहां के युवा निरंतर देश की सेवा करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। जिसका नतीजा भी सफलता पूर्वक मिलता जा रहा है। इसके पूर्व कई युवाओं का चयन एएसएफ बीएसएफ में हो चुका है। इंद्राराज विश्वकर्मा, नूतन यादव, महेंद्र पटेल, अजय पैकरा, गजेंद्र कुमार साहू, मनीष पटेल नेतराम यादव, अजय साहू, राकेश रोशन साहू, गुरु यादव एवं रनिंग टीम सरखोर ने इस पर बधाई दी है।

- 2 युवाओं के अग्निवीर में चयन से गांव में हर्ष का माहौल

## रबी सीजन में जिले के 6180 किसानों ने लिया 38 करोड़ रुपए ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

रबी सीजन में खाद, बीज और अन्य रासायनिक दवाओं के लिए 6180 किसानों ने 38 करोड़ 60 लाख 93 हजार रुपए ऋण लिया है। रबी सीजन में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष किसानों ने ज्यादा ऋण लिया है। रबी सीजन में ऋण लेने के लिए किसानों को 1 अक्टूबर से 15 मार्च तक का समय दिया गया था। ऋण वितरण की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। राज्य शासन द्वारा स्वीकृत ब्याज राहत योजना अंतर्गत समितियों के माध्यम से बैंक द्वारा कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्प अवधि के लिए ऋण दिया जाता है। किसान यदि समय पर ऋण का भुगतान नहीं करते हैं तो शासन से ब्याज अनुदान की पात्रता नहीं रहती है, और ऐसे किसानो से शून्य प्रतिशत ब्याज दर के स्थान पर निर्धारित ब्याज के साथ-साथ दंड ब्याज भी वसूला जाता है। किसान एक वर्ष में जो उपज प्राप्त करता है उसमें से कुछ भाग घरेलू आवश्यकता के लिए रखा जाता है और अतिरिक्त उत्पादन को विक्रय कर वह अपनी अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति और कर्ज अदायगी के लिए करता है।

रबी सीजन में ऋण वितरण का लक्ष्य 45 करोड़ रखा गया था, हालाकि इस वर्ष भी लक्ष्य से कम ही याने 38 करोड़ का ही ऋण लिया गया है। रबी सीजन में कम संख्या में किसान ऋण लेते हैं। सहकारी खरीफ सीजन में किसानों ने 426 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। उसमें से अब तक 417 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है। लगभग 80 हजार 37 किसानों ने ऋण का भुगतान किया है। लगभग ढाई हजार किसानों से ऋण वसूली होना शेष है। दो प्रतिशत किसानों से ऋण की वसूली नहीं हो पाई है। 15 मार्च अंतिम तिथि थी।

- रबी के लिए ऋण की अवधि समाप्त, खरीफ सीजन के लिए ऋण एक अप्रैल से

## पौसरी की फाग गायन प्रतियोगिता में 10 विशेष मंडलियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

ग्राम पौसरी में आयोजित फाग गायन प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रीमती गीता डोमन वर्मा नेभगवान श्रीराधा कृष्ण की छायाचित्र की पुजा कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कुल 10 विशेष मंडलीयो ने भाग लिया। मंच संचालन किशोर वर्मा ने किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार फाग मंडली कौशलपुर को दस हजार रुपए एवं कप, द्वितीय पुरस्कार श्री राम फाग मंडली रावत को सात हजार रुपए एवं कप, तीसरी पुरस्कार श्री कृष्ण फाग मंडली अकोली कोपांच हजार रुपए एवं कप, चौथा पुरस्कार फाग मंडली मटीया को चार हजार रुपए एवं कप, पांचवें पुरस्कार सुर के राजा फाग मंडली मचहा को तीन हजार रुपए एवं कप, छटवां पुरस्कार बरसाना फाग मंडली भरसेला को दो, हजार, पांच सौ रुपए एवं कप, नरसिंहा फाग मंडली करमदा को सातवें पुरस्कार दो हजार रुपए एवं कप, आठवें पुरस्कार नंदलाल फाग मंडली कुकुरदी को पंद्रह सौ रुपए एवं कप,नवम पुरस्कार जय मां सातबहनिया फाग मंडली चंडी को बारह सौ रुपए एवं कप और दशम पुरस्कार फाग मंडली अमलीडीह को एक हजार रुपए एवं कप आयोजक समीति पौसरी के सदस्यों द्वारा प्रदान किया।

- विजेताओं को दिया गया नकद पुरस्कार



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रवीण अग्रवाल, श्रीमती अदिति बघमार, हरि राम वर्मा, धनेश वैष्णव, मनीराम ठाकुर, सरपंच श्रीमती मंजुला ध्रुव, एवं आयोजक समीति के, अनिल सेन, हरिकिशन वर्मा, संतोष रजक सेवा राम, गोपाल हनुमंता मालिक, बलराम, पंडित बाल्मीकि, संतोष हनुमंता, खुमान वर्मा, शत्रुहन वर्मा एवं ग्राम पौसरी के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पंचायतों में जनसंख्या के आधार पर होगा स्थानांतरण

# शराब दुकानों का होगा स्थानांतरण, मंगाई जा रही एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले की 10 शराब की दुकानें जनसंख्या को आधार मानकर नए क्षेत्रों में स्थानांतरित की जानी हैं। इसके लिए प्रशासन द्वारा पंचायतों से एनओसी मंगाने की कार्रवाई के लिए पत्राचार प्रारंभ हो गया है। वे पंचायत क्षेत्र जहां दुकानें स्थानांतरित होनी हैं वहां की अनापत्ति मिलने के बाद स्थानांतरण प्रारंभ हो जाएगा।

आबकारी 2025-26 के तहत नई शराब दुकान खोली जाएगी। तथा पुरानी दुकानों को ऐसी जगह शिफ्ट किया जाएगा जहां दूर-दूर तक शराब दुकान नहीं है। इससे शराब की तस्करी रोकने और अन्य राज्यों से आने वाली शराब को रोकने में मदद मिल सकेगी। साथ शासन के राजस्व में बढ़ोत्तरी भी होगी। ये दुकान को ग्राम बम्हनी, देशी मदिरा दुकान झलप को रायतुम, देशी मदिरा दुकान कोमाखान को ग्राम खट्टी, देशी मदिरा दुकान पिथौरा को ग्राम तेंदूकोना, देशी मदिरा दुकान सरायपाली को ग्राम बिरकोल, देशी मदिरा दुकान भंवरपुर को ग्राम बड़ेसाजापाली, देशी मदिरा दुकान बसना को ग्राम बिरकोनी (महासमुंद), देशी मदिरा दुकान गढ़फुलझर को ग्राम तोषगांव (बसना), विदेशी मदिरा दुकान बागबाहरा को ग्राम आंवराडबरी (ब्लॉक बागबाहरा) और कंपोजिट मदिरा दुकान सुवरमार को ग्राम खम्हरिया (ब्लॉक बागबाहरा) में प्रस्तावित किया गया है। आंवराडबरी स्थानांतरण के लिए प्रस्तावित दुकान का नया नाम कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकान आंवराडबरी तथा अन्य सभी का नाम कंपोजिट देशी मदिरा दुकान साथ में प्रस्तावित गांव का नाम होगा।




**दुकानें स्थानांतरित की जाएंगी:** महासमुंद जिले की बेमचा रोड महासमुंद की देशी मदिरा

